राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# रोकठोक लेखनी

RNI NO. : MAHHIN/2019/77511

खबरें बे-रोकटोक

वर्ष 07 | अंक 34 | मुंबई : बुधवार 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# मुंबई : बीएमसी से QR Code आईडी कार्ड मिलने के बाद भी फेरीवाले परेशान

## पुलिस और बीएमसी के बीच समन्वय की कमी से उपजा भ्रम

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम के जी-नॉर्थ वार्ड में पात्र पथविक्रेताओं को डिजिटल क्यूआर कोड आधारित पहचान पत्र बांटने की मुहिम तो शुरू हो गई है, लेकिन जमीन पर इसका क्रियान्वयन अब भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। माहिम के अन्य इलाकों में जहां फेरीवाले बिना किसी रुकावट के काम कर रहे हैं, वहीं माहिम दरगाह लेन के कई पात्र फेरीवाले पहचान पत्र मिलने के बाद भी अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

स्थानीय फेरीवालों का आरोप है कि आधिकारिक क्यूआर कोड आईडी कार्ड होने के बावजूद पुलिस और स्थानीय प्रशासन के बीच नियमों को लेकर गहरा भ्रम बना हुआ है, जिसके कारण उन्हें दुकान लगाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

माहिम दरगाह लेन के प्रभावित फेरीवालों का कहना है कि जब मुंबई उच्च न्यायालय के निर्देश और बीएमसी की लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद उन्हें यह डिजिटल कार्ड सौंपा गया है, तो फिर उनके काम में रुकावट क्यों आ रही है? माहिम के ही अन्य क्षेत्रों में वेंडर्स सुचारू रूप से काम कर रहे हैं, लेकिन दरगाह लेन जैसी व्यस्त और महत्वपूर्ण सड़क पर वेंडिंग नियमों को लेकर स्थिति साफ नहीं की जा रही है।

हालिया प्रशासनिक दिशा-निदेशों के अनुसार, बीएमसी द्वारा जारी यह क्यूआर कोड आईडी कार्ड फेरीवाले की प्रामाणिकता और पात्रता का कानूनी सबूत है। हालांकि, पुलिस और स्थानीय प्रवर्तन टीमों के बीच इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि टाउन वेंडिंग कमेटी द्वारा अंतिम वेंडिंग पिच (स्थान) अलॉट होने तक ये फेरीवाले अपनी पारंपरिक जगहों पर बैठ सकते हैं या नहीं। विशेषकर माहिम दरगाह जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थल के पास सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस और बीएमसी के बीच तालमेल की



कमी का खामियाजा गरीब फेरीवालों को भुगतना पड़ रहा है।

**संबंधित अधिकारियों से स्पष्ट प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने की मांग**

''रोकठोक लेखनी'' और स्थानीय नागरिकों के माध्यम से हम बीएमसी जी-नॉर्थ वार्ड के सहायक आयुक्त और मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से यह पुरजोर मांग करते हैं कि:

माहिम दरगाह लेन के फेरीवालों के संबंध में स्थिति को तुरंत स्पष्ट किया जाए।

पुलिस और बीएमसी अधिकारियों के लिए एक संयुक्त गाइडलाइन या एसओपी जारी की जाए ताकि डिजिटल कार्ड धारक फेरीवालों को बेवजह परेशान न होना पड़े।

जब तक अंतिम रूप से वेंडिंग जोन तय नहीं हो जाते, तब तक वैध कार्डधारकों को सम्मानजनक तरीके से आजीविका कमाने की अस्थाई अनुमति दी जाए।

कष्टकारियों का अधिकार: जब सरकार और कोर्ट फेरीवालों को डिजिटल कवच देकर उन्हें ''आत्मनिर्भर'' और ''सुरक्षित'' बनाने का दावा कर रहे हैं, तो जमीनी स्तर पर प्रशासनिक समन्वय की कमी के कारण उनकी उपजीविका पर संकट नहीं आना चाहिए।

# मुंबई: बीएमसी जी-नॉर्थ वार्ड के फेरीवालों को मिला डिजिटल क्यूआर कोड आईडी कार्ड, अब सम्मान से कर सकेंगे व्यवसाय

**मुंबई :** मुंबई के माहिम और धारावी इलाके में अपनी आजीविका चलाने वाले पथविक्रेताओं (फेरीवालों) के लिए एक बेहद बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। एक लंबी और जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, सरकार और बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा इन पात्र फेरीवालों के लिए विशेष डिजिटल क्यूआर कोड आधारित आइडेंटिटी कार्ड जारी कर दिए गए हैं। यह कदम स्थानीय फेरीवालों को एक कानूनी, सुरक्षित और आधिकारिक पहचान देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

इन डिजिटल पहचान पत्रों के आधिकारिक वितरण के लिए बीएमसी के जी-नॉर्थ वार्ड कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस गरिमामयी अवसर पर भाजपा पार्षद शीतल गंभीर और बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों और पार्षद के हाथों जब फेरीवालों को ये डिजिटल कार्ड सौंपे गए, तो वहां मौजूद सभी



दुकानदारों और पथविक्रेताओं में एक अलग ही उत्साह और खुशी देखने को मिली।

सरकारी नियमों के तहत वैध और आधिकारिक पहचान मिलने के बाद डिजिटल कार्ड हाथों में थामे फेरीवालों के चेहरों पर सुकून, संतुष्टि और स्वाभिमान का भाव साफ नजर आ रहा था। इस कार्ड के मिलने के बाद अब ये सभी मेहनती पथविक्रेते अधिकृत पहचान के साथ, पूरे हक और आत्मविश्वास से अपना व्यवसाय कर सकेंगे।

**बेवजह की परेशानियों और उत्पीड़न से मिलेगी मुक्तिभौगोलिक संदर्भ**

इस डिजिटल कार्ड की सबसे बड़ी खासियत इसमें दिया गया क्यूआर कोड है। इस कोड की बदौलत अब कोई भी अधिकारी या व्यक्ति उनकी प्रामाणिकता और वैधता को आसानी से स्कैन करके देख सकेगा। इससे फेरीवालों को रोजाना धंधा चलाने के दौरान होने वाली बेवजह की दिक्कतों और मानसिक या प्रशासनिक परेशानियों से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही उनका रोजगार पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक हो जाएगा।

प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वे हर एक कष्टकरी पथविक्रेते के सम्मान, सुरक्षा और उनकी उपजीविका के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा कटिबद्ध हैं।

# मुंबई: भारी बारिश से सुरक्षा दीवार गिरी, इलाके में दहशत

**मुंबई :** मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में मॉनसून के आगमन से जहां एक ओर भीषण गर्मी से राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण कई जगहों पर परेशानी भी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में भिवंडी के प्रभु अली इलाके में रविवार देर रात भारी बारिश के चलते एक बिल्डिंग की सुरक्षा दीवार अचानक गिर गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



दीवार गिरने से ईंटें और मलबा पूरे परिसर में बिखर गया, जिससे आसपास के लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण दीवार पहले से ही कमजोर हो चुकी थी और देर रात अचानक ढह गई।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत स्थिति को संभालने की कोशिश की और इलाके को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, दीवार के गिरने से बिल्डिंग परिसर में मौजूद कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। मलबे में बिखरी ईंटों के कारण पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था फैल गई और सुबह तक स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया जाता रहा। भिवंडी और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे निचले इलाकों में पानी भरने और निर्माण संरचनाओं पर असर पड़ने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी कारण प्रशासन भी सतर्क है और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कमजोर और पुरानी संरचनाओं की समय-समय पर जांच की जाए, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके। उनका कहना है कि बारिश के मौसम में ऐसी घटनाएं चिंता का विषय बन जाती हैं और लोगों की सुरक्षा के लिए त्वरित कदम जरूरी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी मुंबई और ठाणे क्षेत्र में बारिश जारी रहने की संभावना है, जिससे प्रशासन की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र का निरीक्षण शुरू कर दिया है और मलबा हटाने का काम भी प्रारंभ किया गया है।

स्थिति को सामान्य करने के लिए नगर निकाय की टीमों को भी मौके पर तैनात किया गया है। इस घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि मॉनसून के दौरान कमजोर ढांचों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, ताकि जनहानि और संपत्ति के नुकसान को रोका जा सके।



Scanned with OKEN Scanner

# सहकार सप्ताह के दौरान ठाणे में सहकार जागरूकता



**संवाददाता**

**ठाणे।** केंद्रीय सहकार मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने के मौके पर, केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक पूरे देश में ''सहकार सप्ताह'' मनाया जा रहा है. ठाणे में यह हफ्ता जनता की भागीदारी और ठाणे जिला सहकारी हाउसिंग फेडरेशन और जिला उपनिबंधक ठाणे द्वारा मिलकर आयोजित अलग-अलग पब्लिक इंटरेस्ट एक्टिविटीज के साथ मनाया जा रहा है. इस संबंध में, नागरिकों और हाउसिंग सोसाइटियों के लिए अलग-अलग गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किए गए हैं.

यह जानकारी ठाणे जिला सहकारी हाउसिंग फेडरेशन के अध्यक्ष व नगरसेवक सीताराम राणे ने दी हैं .सहकार सप्ताह की शुरूआत में, 29 जून को हाउसिंग फेडरेशन के मुख्यालय में सहकार झंडा फहराया गया और सहयोग की शपथ ली गई. उक्त अवसर पर जिला उप पंजीयक डॉ. किशोर मांडे, षष्ठम पंजीयक शांताराम चव्हाण आदि उपस्थित थे.

इस सप्ताह के अंतर्गत 3 जुलाई को महासंघ के ठाणे प्रशिक्षण केंद्र में गृह निर्माण सहकारी समितियों के लिए तंत्रमुक्ति अभियान और ''दाद-फिरयाद'' गतिविधियां चलाई जाएंगी, जिसके माध्यम से समितियों की शिकायतों और उनके बीच के विवादों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने पर जोर दिया जाएगा।युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों को सहकारी क्षेत्र से जोड़ने के उद्देश्य से 4 जुलाई को गृह निर्माण समितियों के लिए प्रबंधन पाठ्यक्रम मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है. 5 जुलाई को पुनर्विकास, स्व-पुनर्विकास और संवहन/मान्य संवहन (हस्तांतरण/मानव हस्तांतरण) विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन और चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे. 6 जुलाई को पुरस्कार विजेता गृह निर्माण समितियों का उनके यहां जाकर सम्मान किया जाएगा। इनमें श्रवण को-ऑपरेटिव (समता नगर), रुस्तमजी एथेना (बालकुम), सेंट्रम आईटी पार्क को-ऑपरेटिव (वागले इस्टेट) और रीजेंसी हाइट्स (कोलशेत) शामिल हैं. इस दौरे के दौरान, संगठनों की सफल गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी और उनसे बातचीत की जाएगी. इस सप्ताह की गतिविधियों में जिला उप रजिस्ट्रार डॉ. किशोर मांडे, उप रजिस्ट्रार अमर शिंदे, हाउसिंग फेडरेशन के डायरेक्टर और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे. साथ ही, 5 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम में विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे भी शामिल होंगे. फेडरेशन ने ठाणे के नागरिकों, हाउसिंग सोसाइटियों के सदस्यों, पदाधिकारियों और सहकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इन सभी कार्यक्रमों में शामिल हों और सहकारी आंदोलन को मजबूत करें.

# मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन, 238 करोड़ के ड्रग्स नष्ट




**संवाददाता**

**मुंबईः** विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र की मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की अपराध शाखा ने नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज 67 मामलों में जब्त 238 करोड़ 18 लाख 130 रुपए मूल्य के मादक और नशीले पदार्थों के निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल को वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत नष्ट किया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्तालय के इतिहास की महत्वपूर्ण कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है।

पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक के मार्गदर्शन में तथा मादक पदार्थ मुद्देमाल नाश समिति की अनुमति के बाद सोमवार को मुंबई वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड, तलोजा (पनवेल, रायगढ़) में जब्त मादक पदार्थों का विधिवत निस्तारण किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में गांजा, चरस, मेफेड्रोन (एमडी), हेरोइन, एफेड्रिन, कोकीन, कफ सिरप की बोतलें और ट्रामाडोल टैबलेट्स सहित कुल 326 किलो 559 ग्राम तैयार मादक पदार्थ शामिल थे। इसके अलावा 2 मामलों में जब्त 1,541 किलो 356 ग्राम वजन का मादक पदार्थ तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल भी नष्ट किया गया। इन सभी की कुल अनुमानित कीमत 238 करोड़ 18 लाख 130 रुपए आंकी गई है।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक, अपर पुलिस आयुक्त संजय शिंत्रे के मार्गदर्शन तथा पुलिस उपायुक्त (अपराध) संदीप डोईफोडे, प्रभारी पुलिस निरीक्षक समीर शेख एवं अंमली पदार्थ विरोधी कक्ष-1 और कक्ष-2 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा और नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस हर वर्ष 26 जून को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले खतरों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना और नशा-मुक्त समाज बनाने के लिए वैश्विक सहयोग को मजबूत करना है।

# कृषि दिवस पर प्रगत किसानों का सम्मान; शाश्वत कृषि का संकल्प




**संवाददाता**

**पालघर ।** जिला परिषद पालघर में कृषि दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वसंतराव नाईक की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें शाश्वत कृषि, आधुनिक तकनीक के उपयोग और किसानों के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्व. वसंतराव नाईक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक पाटील, प्रकाश हसनालकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी (मबाक) व्यंकटराव हुंडेकर, दापोली कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अंकुश धाने, तहसील कृषि अधिकारी स्मिता पाटील सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

प्रस्तावना में कृषि विकास अधिकारी सोमनाथ पिंजारी ने जानकारी दी कि जिले में खरीफ सीजन के लिए उर्वरक और बीजों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पालघर जिले में मोगरा और सोनचाफा जैसी फूल फसलों का क्षेत्र बढ़ रहा है तथा किसानों की आय बढ़ाने हेतु दालचीनी और कालीमिर्च जैसी मसाला फसलों की खेती के लिए सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र शासन पुरस्कार प्राप्त किसान, प्रगतिशील किसान, बिरसा मुंडा कृषि क्रांति योजना के लाभार्थी, जिला परिषद सेस फंड योजनाओं के लाभार्थी तथा मशरूम उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला बचत समूहों का सम्मान किया गया। सम्मानित किसानों ने अपने सफल कृषि प्रयोगों के अनुभव भी साझा किए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने अपने संबोधन में कहा कि ''किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। आधुनिक तकनीक, नवाचार और सरकारी योजनाओं का प्रभावी उपयोग कर कृषि को अधिक समृद्ध और शाश्वत बनाया जा सकता है। जिला परिषद किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।''

उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक पाटील ने कहा कि शाश्वत विकास के लिए शाश्वत कृषि आवश्यक है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ आधुनिक तकनीक का संतुलित उपयोग समय की आवश्यकता है।

डॉ. प्रकाश हसनालकर ने किसानों को कृषि बीमा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसानों को उनके उत्पाद का उचित और लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए।

डॉ. अंकुश धाने ने बदलते समय के अनुसार कृषि पद्धतियों में बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मिट्टी के स्वास्थ्य के साथ-साथ किसानों का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने फसल सुरक्षा और लागत कम करने पर ध्यान देने की सलाह दी। कार्यक्रम में कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा किसानों, अधिकारियों और विशेषज्ञों के बीच संवाद के माध्यम से कृषि विकास पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम का सूत्र संचालन सतीश साबले ने किया।



Scanned with OKEN Scanner

# जिला परिषद पालघर में ''एक कर्मचारी - एक वृक्ष'' अभियान का शुभारंभ; हरित पालघर की दिशा में बड़ा कदम

**संवाददाता**

**पालघर।** जिला परिषद पालघर में बुधवार 1 जुलाई 2026 को कृषि दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु ''एक कर्मचारी - एक वृक्ष'' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस पहल के माध्यम से जिले को हरित और पर्यावरण-संतुलित बनाने का संकल्प लिया गया।

यह अभियान जिलाधिकारी तथा जिला दंडाधिकारी डॉ. इंदू रानी जाखड़ तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे के मार्गदर्शन में संयुक्त रूप से शुरू किया गया है। इसके तहत 1 जुलाई (कृषि दिवस) से 1 अगस्त (जिला स्थापना दिवस) तक जिले के सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी कम से कम एक स्थानीय वृक्ष लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभायेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद परिसर में वृक्षारोपण कर किया गया, जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक पाटील, महिला एवं बाल विकास अधिकारी व्यंकटराव हुंडेकर, कृषि विकास अधिकारी सोमनाथ पिंजारी सहित



विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि पालघर जिले के विद्यार्थियों द्वारा ''सीडबॉल'' अभियान के अंतर्गत अब तक 24 लाख 62 हजार से अधिक सीडबॉल तैयार कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए यह नई पहल शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक कर्मचारी के नाम पर केसर आम, जामुन, बहावा, गुलमोहर, कडुलिंब, करंज, वड, पिंपल, सीताफल और उंबर जैसी स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष लगाये जायेंगे। इन वृक्षों की जियो-टैगिंग ''अमृतवृक्ष'' ऐप के माध्यम से फोटो सहित दर्ज की जायेगी, जिससे उनकी निगरानी और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए वर्ष अंत में मूल्यांकन किया जायेगा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभागों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने कहा कि यह पहल केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी द्वारा एक वृक्ष को परिवार के सदस्य की तरह अपनाने और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि इससे पालघर जिला और अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल बनेगा। ''एक कर्मचारी - एक वृक्ष'' अभियान को जिले में व्यापक जनभागीदारी के साथ हरित आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जायेगा।

# मुंबईः ग्रेजुएट पार्ट-टाइम कर्मचारियों के मुद्दों पर मुख्य सचिव बैठक की अध्यक्षता करेंगे

**मुंबईः** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आशीष शेलार ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधान परिषद को भरोसा दिलाया कि सरकार ग्रेजुएट पार्ट-टाइम कर्मचारियों के फायदों और नौकरी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाएगी और उनके हित में उचित फैसला लेगी। मंत्री आशीष शेलार एमएलसी अभिजीत वंजारी, अशोक (भाई) जगताप, सुधाकर अडबाले, धीरज लिंगाडे, सतेज (बंटी) पाटिल और जयंत असगांवकर द्वारा ग्रेजुएट पार्ट-टाइम कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना और अन्य सेवा लाभों के संबंध



में लाए गए ''ध्यान आकर्षण प्रस्ताव'' का जवाब दे रहे थे।

मंत्री शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र में विभिन्न सरकारी संस्थानों में लगभग 3,000 से 3,500 ग्रेजुएट पार्ट-टाइम कर्मचारी काम कर रहे हैं, जबकि रिटायर हो चुके ग्रेजुएट पार्ट-टाइम कर्मचारियों की संख्या 50 से अधिक है।इन पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित आयु सीमा 46 से 55 वर्ष के बीच है, इसलिए सरकारी सेवा में उनका प्रभावी कार्यकाल अपेक्षाकृत कम होता है। समय-समय पर जारी विभिन्न सरकारी आदेशों और हाई कोर्ट, छत्रपति संभाजीनगर बेंच के 24 अप्रैल, 2026 के आदेश का हवाला देते हुए, सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया कि वह राज्य के सभी ग्रेजुएट पार्ट-टाइम कर्मचारियों को राहत देने के लिए एक विशेष मामले के तौर पर एक बार के लिए नीतिगत निर्णय ले।

# मुंबई में भारी बारिश से जलभराव, वडाला समेत कई इलाकों में लोगों की बढ़ी परेशानी

**संवाददाता**

**मुंबई :** राजधानी मुंबई में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है।

वडाला इलाके से सामने आए वीडियो में सड़कों पर पानी भरा नजर आ रहा है, जिससे आम लोगों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते निचले इलाकों में पानी जमा हो गया, जिसके कारण यातायात की रफ्तार धीमी पड़ गई। कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। जलभराव की वजह से लोगों को



अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लग रहा है। स्थानीय प्रशासन और नगर निगम की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

मौसम विभाग ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है। लगातार हो रही बारिश के कारण जल निकासी व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ गया है। वडाला सहित कई इलाकों में सड़कों पर पानी भरने से दैनिक जीवन प्रभावित हुआ है।

# सिंगर शिल्पी राज और एक्ट्रेस सपना चौहान का भोजपुरी लोकगीत ''ये हो पति अब पटी ना सास से'' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स ने किया रिलीज





**संवाददाता**

भोजपुरी संगीत जगत में अपनी जादुई आवाज से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली ट्रेंडिंग सिंगर शिल्पी राज का गाया हुआ नया भोजपुरी लोकगीत ''ये हो पति अब पटी ना सास से'' इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। ये धमाकेदार लोकगीत भोजपुरी की जानी-मानी म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है।इस नये गाने में भोजपुरी इंडस्ट्री की बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस सपना चौहान कयामत ढाते हुए नजर आ रही हैं।गाने के वीडियो में सपना चौहान के साथ सास-बहू और पति के बीच की नोक-झोंक को बेहद ही मजेदार और पारिवारिक अंदाज में फिल्माया गया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं।इसमें एक्ट्रेस सपना चौहान का देसी स्वैग और गजब का एक्सप्रेशन दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है।वहीं सपना चौहान के साथ दर्जनों बैकग्राउंड डांसर्स कलरफुल लहंगे और घाघरे में डांस करते हुए नजर आ रहे हैं, जो वीडियो को बेहद भव्य और कमर्शियल लुक देता है।लाइटिंग और सेट डिजाइनिंग भी काफी आधुनिक और आकर्षक है, जो दर्शकों को अंत तक वीडियो से बांधे रखती है।

https://youtu.be/o3ZEKQYktBQ?si=WW1llq8zfKyEnqm4

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत ''ये हो पति अब पटी ना सास से'' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।इस गीत को सिंगर शिल्पी राज ने मधुर आवाज में गाया है।इसके वीडियो में एक्ट्रेस सपना चौहान ने गरदा उड़ा दिया है और शानदार परफॉर्मेंस किया है।

इस गाने को गीतकार धरम हिंदुस्तानी ने लिखा है, जबकि संगीतकार साजन मिश्रा ने मधुर संगीत दिया है। प्रोजेक्ट अनंजय रघुराज ने तैयार किया है। वीडियो डायरेक्टर आशीष सत्यार्थी, डीओपी संतोष यादव, नवीन, कोरियोग्राफर अनुज मौर्य, एडिटर प्रवीण यादव हैं। डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के एमडी और फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि ''हम वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के जरिए हमेशा ऐसे गानों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे आम भोजपुरी दर्शक सीधे जुड़ाव महसूस कर सकें। ''ये हो पति अब पटी ना सास से'' हमारे समाज के हर मध्यमवर्गीय परिवार की एक आम मगर बेहद दिलचस्प कहानी को दर्शाता है।''

एक्ट्रेस सपना चौहान ने कहा कि ''यह गाना शादियों और पारिवारिक समारोहों में महिलाओं के बीच खूब बजाया जाएगा, क्योंकि इसकी थीम पूरी तरह से घरेलू और महिलाओं से जुड़ी हुई है। रत्नाकर कुमार सर का उद्देश्य हमेशा से साफ-सुथरे और पारिवारिक भोजपुरी गानों से मनोरंजन को बढ़ावा देने का रहा है। यह गाना भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है।''

सिंगर शिल्पी राज ने कहा ''घर परिवार से जुड़ा यह दर्शकों को बेहद पसंद आने वाला है। इसका म्यूजिक बहुत ही कमाल का है। इतना बेहतरीन गाना बनाने के लिए वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के एमडी रत्नाकर कुमार सर को दिल से थैंक्यू।''



Scanned with OKEN Scanner

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## रेड अलर्ट के बीच भारी बारिश की चेतावनी

**इंडिया मेटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट के अनुसार, पश्चिमी तट पर सक्रिय मॉनसून सिस्टम अभी भी मजबूत स्थिति में है, जिसके कारण महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों में लगातार नमी और बादलों का जमाव बना हुआ है। इसी सिस्टम के प्रभाव से मुंबई, ठाणे, पालघर और कोंकण क्षेत्र के कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। रेड अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषकर निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जलभराव की स्थिति से सावधान रहने को कहा गया है। नगर निगम और आपदा प्रबंधन टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। मुंबई के कई हिस्सों में सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे।**

मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में शनिवार सुबह हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। हालांकि पिछले कुछ दिनों की तुलना में बारिश की तीव्रता थोड़ी कम रही, लेकिन शहर में मौसम पूरी तरह से बादलों से घिरा रहा और रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। इसके बावजूद मुंबई और आसपास के जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी है और मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। इंडिया मेटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट के अनुसार, पश्चिमी तट पर सक्रिय मॉनसून सिस्टम अभी भी मजबूत स्थिति में है, जिसके कारण महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों में लगातार नमी और बादलों का जमाव बना हुआ है। इसी सिस्टम के प्रभाव से मुंबई, ठाणे, पालघर और कोंकण क्षेत्र के कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। रेड अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषकर निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जलभराव की स्थिति से सावधान रहने को कहा गया है। नगर निगम और आपदा प्रबंधन टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। मुंबई के कई हिस्सों में सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बौछारें भी दर्ज की गई। वहीं ठाणे और पालघर में भी मौसम लगभग समान रहा, जहां दिन भर रुक-रुक कर बारिश होती रही। कोंकण क्षेत्र में भी बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहा।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# विकसित भारत रोजगार व आजीविका मिशन (ग्रामीण) का पालघर जिले में 2 जुलाई को शुभारंभ

संवाददाता



**पालघर।** ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नई दिशा देने वाले '' विकसित भारत रोजगार व आजीविका मिशन (ग्रामीण) झ VB-G RAM G '' अधिनियम 2025 की महाराष्ट्र में 1 जुलाई 2026 से औपचारिक शुरूआत होने जा रही है। इसी क्रम में 2 जुलाई 2026 को राज्य के सभी जिलों में जनसंवाद एवं योजना शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह आयोजन केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

पालघर जिले का मुख्य शुभारंभ कार्यक्रम ग्रामपंचायत डोल्हारी बुद्रुक, जिला परिषद विद्यालय मुसलेपाड़ा, खोमारपाड़ा, तहसील विक्रमगढ़ में सुबह 9 बजे आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के रोजगार हमी योजना, फलोत्पादन एवं खारभूमि विकास मंत्री भरत गोगावले के हाथों योजना का औपचारिक शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, ग्रामपंचायत सदस्य, रोजगार हमी योजना के लाभार्थी, मजदूर, स्वयं सहायता समूह (SHG) के सदस्य, युवा तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के लाभार्थियों से संवाद करेंगे तथा नये अधिनियम के उद्देश्यों एवं ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालेंगे।

केंद्र सरकार ने विकसित भारत की राष्ट्रीय अवधारणा के अनुरूप इस अधिनियम को मंजूरी दी है, जिसके तहत अब मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के स्थान पर VB-G RAM अधिनियम लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, सतत आजीविका, कौशल विकास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। नये प्रावधानों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक प्रत्येक परिवार के वयस्क सदस्य को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जायेगी। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि के साथ-साथ गांवों के समग्र विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

## मुंबईः एस.आई.आर. मुहिम को लेकर ठाणे प्रशासन सक्रिय



**मुंबईः** देश के चुनाव आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशों के मुताबिक , ठाणे ज़िले में आने वाला विशेष विस्तृत समीक्षा ''स्पेशल इन-डेप्थ रिव्यू) 2026'' अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने इस मुहिम समय सारिणी घोषित कर दी है। ठाणे ज़िला प्रशासन ने आज बयान जारी कर बताया है कि मतदाता सूची में नामों को सत्यापन करने या ठीक करने के लिए एक आसान प्लान बनाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत बीएलओ (मतदान केंद्र अधिकारी) खुद घर-घर जाएंगे (30 जून से 29 जुलाई 2026) तक के इस अभियान में वोटर लिस्ट को और सही और पारदर्शी बनाने के लिए, पोलिंग स्टेशन लेवल ऑफिसर 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक हर नागरिक के घर खुद जाएंगे इस दौरान, अगर कर्मचारी घर पर मौजूद नहीं भी हैं, तो परिवार के दूसरे सदस्य या रिश्तेदार बीएलओ अधिकारियों को जानकारी दे सकते हैं और मतदाता की तरफ से गिनती के फॉर्म पर साइन कर सकते हैं। इसलिए, कर्मचारियों को सिर्फ इस काम के लिए छुट्टी लेने की जरूरत नहीं होगी। आधुनिक तकनीक और ऑनलाइन सहूलियत का इस्तेमाल कर सकते हैं।

ठाणे जिला प्रशासन ने डिजिटल सिस्टम पर खास जोर दिया है। 5 अगस्त 2026 को वोटर लिस्ट का ड्राफ़्ट पब्लिश होने के बाद, कर्मचारी कहीं से भी इलेक्शन कमीशन की ऑफिशियल वेबसाइट या ''वोटर हेल्पलाइन ऐप'' या ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप पर बहुत आसान तरीके से अपना नाम चेक कर सकते हैं। ऑनलाइन क्लेम और आपत्ति आवेदन करने का मौका (5 अगस्त से 4 सितंबर 2026) तक रहेगा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अगर वोटर लिस्ट में कोई करेक्शन करना है या नाम जोड़ने/हटाने हैं, तो 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक ''क्लेम और ऑब्जेक्शन'' ऑनलाइन फाइल किए जा सकते हैं। 30.जून.2026 से 29.07.2026 तक, बीएलओ घर-घर जाकर आपको बताए गए फॉर्मेट में आवेदन देंगे, उस म आवेदन में जानकारी भरनी होगी। ड्राफ़्ट वोटर लिस्ट 5अगस्त 2026 को प्रकाशित होगी। जबकि दावे और आपत्ति 5 अगस्त 2026 से 4 सितम्बर 2026 तक आवेदन दिए जा सकते हैं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 5अगस्त से 3 सितम्बर के मध्य आपत्तियों पर निर्णय लिया जाएगा।

## राजर्षि शाहू महाराज जयंती महोत्सव का आयोजन

### वरिष्ठ पत्रकार आनंद कांबले हुए सम्मानित



संवाददाता

**ठाणे।** राजर्षि शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर मराठी दैनिक ठाणे वैभव के उप संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार आनंद कांबले को सम्मानित किया गया।

राजर्षि शाहू महाराज समाज कल्याण संस्था ठाणे (सलग्न राष्ट्रनिमति डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर व्याख्यानमाला समिती ) द्वारा मराठी ग्रंथ संग्रहालय सभागृह में आयोजित राजर्षि शाहू महाराज जयंती महोत्सव कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। उसी श्रेणी में प्रसिद्ध शाहीर संभाजी भगत, विचारक सुनील खोब्रागडे, वरिष्ठ पत्रकार आनंद कांबले, मुंबई सिद्धार्थ कॉलेज के प्राचार्य प्रा. विजय मोहिते, और विद्रोही कवी उठाव साहित्य मंच के संदेश कर्डक को सम्मानित किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

# वाराणसी मंडल में 29 रेलकर्मियों को सम्मानपूर्ण विदाई, सेवानिवृत्ति के साथ ही 18 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति



**वाराणसी**

वाराणसी रेल मंडल में 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले 2 अधिकारियों और 27 कर्मचारियों सहित कुल 29 रेलकर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रेमचंद सभागार में आयोजित समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी समापक धनराशि, पीपीओ, मेडिकल कार्ड, सेवा मेडल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सौंपे गए।

समारोह की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार सहित लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने समर्पण, ईमानदारी, अनुशासन और कार्यकुशलता से रेलवे की सेवा की है। उन्होंने विशेष रूप से जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने रेलवे और समाज के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बनाया तथा मीडिया के माध्यम से रेलवे की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की तथा परिवार और समाज के लिए अपने अनुभवों का उपयोग करने का आवाहन किया।

वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरूआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कर्मचारी अपने अनुभव और सकारात्मक सोच के साथ जीवन के इस नए चरण को भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे।

समारोह की विशेष उपलब्धि यह रही कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिक्त हुए पदों पर उसी दिन वरिष्ठता के आधार पर 18 पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई। कार्मिक विभाग ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हाथों ही पदोन्नति पत्र वितरित कर नई जिम्मेदारियां सौंपीं।

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आई-कार्ड, सेवा प्रमाण पत्र, पीपीओ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी तथा भविष्य में किसी भी समस्या के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। समारोह के समापन पर कार्मिक विभाग की ओर से वटक्क कार्ड तथा साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने किया।

## प्रयागराज में मारपीट का वीडियो वायरल: पुलिस ने 6 नामजद, 20 अज्ञात पर केस दर्ज किया




**प्रयागराज :** मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के सोड़िया वाटरफॉल पर नहाने गए कार्तिकेय सिंह और उनके दोस्तों पर कुछ लोगों ने लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने 6 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता कार्तिकेय सिंह ने बताया कि वह अपने दोस्त सूजल सिंह और निखिल प्रताप सिंह के साथ सोड़िया वाटरफॉल पर नहाने गए थे। नहाने के बाद जब वे कपड़े बदल रहे थे, तभी वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। इसके बाद उन पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला किया गया।

कार्तिकेय सिंह के अनुसार, हमलावरों में सूबेदार, राजा निषाद, धर्मराज, विवेक निषाद उर्फ ननके और अर्जुन निषाद सहित शाहपुर, थाना मेजा के 20 अन्य लोग शामिल थे। इन सभी ने मिलकर कार्तिकेय और उनके दोस्तों को जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने जानकारी दी कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो के जरिए अन्य हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## निशान चढ़ाने जा रहे युवक की पिटाई: जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, गाली-गलौज का आरोप

**प्रयागराज :** प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र में निशान चढ़ाने जा रहे एक युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर आरोप लगाया है। बादलपुर गांव निवासी सूरज सरोज ने बताया कि उनके गांव का निशान (झंडा) पंडिला जा रहा था। इसी दौरान बगल के गांव का निशान भी साथ चल रहा था। पीड़ित के अनुसार, सेवारत फाटक के पास कुछ लोगों ने उन्हें जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह सम्पन्न

**संवाददाता**

**पटना।** जन-चेतना एवं जन-शिक्षा पर केन्द्रित स्वयंसेवी संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएसन के सभागार में संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ।

ख्यातिनाम चिकित्सक पद्मश्री डॉ० गोपाल प्रसाद सिन्हा ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि कार्यक्रम का संचालन सचिव राजेश राज ने किया और आगत अतिथियों का स्वागत संस्था के मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने किया।

समारोह का उद्घाटन डॉ प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया और कहा कि चिकित्सक धरती के भगवान है। इनका सदा सम्मान किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ एक्सलेंसी अवार्ड से पद्मा श्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा , डॉ. (प्रो.) एस.ए. कृष्णा ,डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. तर्जनी शंकर, डॉ. ज्योति प्रकाश , डॉ. पूजा, डॉ. सीतेश कुमार कर्ण, डॉ. कुमार अभिनव, डॉ राजीव कुमार, डॉ. त्रिलोकी गोलवारा, डॉ. अनिल कुमार (नवादा), डॉ. आर. पी. सिंह (होमियोपैथ चिकित्सक), डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. कौशल कुमार ,डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. आनंद शंकर, डॉ. मयंक अस्मित, डॉ. विकाश कुमार साथ ही साथ स्वाथ्य जागरुकत में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड अभिषेक कुमार, अमित कुमार, अभिशेक श्रीवास्तव, कुमार पंकज सिन्हा, मनोज कुमार, मो. वासिम अंसारी, मुकेश कुमार वर्मा, मोहित कुमार, शैल सिंह, धीरेन्द्र गुप्ता, प्रेम कुमार मंचस्थ अतिथियों ने अंगवस्त्र, प्रतिक चिन्ह व सम्मानपत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कमलनय श्रीवास्तव , महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चन्द्रवंशी सहित वक्ताओं ने ''राष्ट्र के -निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका विषयक अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि चिकित्सक राष्ट्र और समान के सजग प्रहरी हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण मे खयातिनाम




चिकित्सक पद्मा श्री गोपाल प्रसाद सिन्हा ने डॉ. विधान चंद्र रॉय को नमन किया और कहा की पूरा राष्ट्र उनकी स्मृति में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाता है।

बिहार हिंदी साहित्य सम्मलेन के अध्यक्ष, डॉ. अनिल सुलभ ने कहा की नई दिशा परिवार के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि संस्था निरंतर समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर है।

समारोह मे सांस्कृतिक कार्यक्रम में उजाला राज और प्रियांशी आर्य ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

समारोह को सफल करने मे उज्जवल राज, ऋतू राज, परितोष कुमार, नागेन्द्र पंडित, सुरज कुमार, युवराज, कौशल कुमार, सोनी प्रिया, पिंकी शर्मा, संजना आर्य आदि की सक्रिय भूमिका रहीं

धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ समाज सेवी शिव प्रसाद मोदी ने दिया सम्पन्न हुआ। ख्यातिनाम चिकित्सक पद्मश्री डॉ० गोपाल प्रसाद सिन्हा ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि कार्यक्रम का संचालन सचिव राजेश राज ने किया और आगत अतिथियों का स्वागत संस्था के मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने किया।

समारोह का उद्घाटन डॉ.प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया और कहा कि चिकित्सक धरती के भगवान है। इनका सदा सम्मान किया जाना चाहिए ।

इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ एक्सलेंसी अवार्ड से पद्मा श्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा , डॉ. (प्रो.) एस.ए. कृष्णा ,डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. तर्जनी शंकर, डॉ. ज्योति प्रकाश , डॉ. पूजा, डॉ. सीतेश कुमार कर्ण, डॉ. कुमार अभिनव, डॉ राजीव कुमार, डॉ. त्रिलोकी गोलवारा ,डॉ. अनिल कुमार (नवादा), डॉ. आर. पी. सिंह (होमियोपैथ चिकित्सक), डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. आनंद शंकर, डॉ. मयंक अस्मित, डॉ विकाश कुमार साथ ही साथ स्वाथ्य जागरुकत में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड अभिषेक कुमार, अमित कुमार, अभिशेक श्रीवास्तव, कुमार पंकज सिन्हा, मनोज कुमार, मो. वासिम अंसारी, मुकेश कुमार वर्मा, मोहित कुमार, शैल सिंह, धीरेन्द्र गुप्ता, प्रेम कुमार मंचस्थ अतिथियों ने अंगवस्त्र, प्रतिक चिन्ह व सम्मानपत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कमलनय श्रीवास्तव, महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चन्द्रवंशी सहित वक्ताओं ने ''राष्ट्र के -निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका विषयक अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि चिकित्सक राष्ट्र और समान के सजग प्रहरी हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण मे खयातिनाम चिकित्सक पद्मा श्री गोपाल प्रसाद सिन्हा ने डॉ. विधान चंद्र रॉय को नमन किया और कहा की पूरा राष्ट्र उनकी स्मृति में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाता है।

बिहार हिंदी साहित्य सम्मलेन के अध्यक्ष, डॉ. अनिल सुलभ ने कहा की नई दिशा परिवार के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि संस्था निरंतर समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर है।

समारोह मे सांस्कृतिक कार्यक्रम में उजाला राज और प्रियांशी आर्य ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

समारोह को सफल करने मे उज्जवल राज, ऋतू राज, परितोष कुमार, नागेन्द्र पंडित, सुरज कुमार, युवराज, कौशल कुमार, सोनी प्रिया, पिंकी शर्मा, संजना आर्य आदि की सक्रिय भूमिका रही।

धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ समाज सेवी शिव प्रसाद मोदी ने दिया।



Scanned with OKEN Scanner

## यूक्रेन का पहला मिसाइल हमला फेल

# एस-400 ने भारत के बाद अब मास्को में दिखाया कमाल

**मास्को :** रूस के अत्याधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने भारत पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले को नाकाम करने के बाद एक बार फिर से साबित कर दिया है कि उसका तोड़ नहीं है। दरअसल, यूक्रेन की सेना ने रूस की राजधानी मास्को को तबाह करने के लिए पहली बार बलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने इस हमले को नाकाम कर दिया और यूक्रेनी मिसाइल को हवा में ही मार गिराया। इसके साथ ही यूक्रेन ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वह अब अपनी लंबी दूरी तक हमला करने की ताकत को बढ़ा रहा है। यूक्रेन के नशिाने पर अब रूस के आबादी वाले इलाके हैं।

यूक्रेन के अधिकारियों ने अभी आधिकारिक रूप से मास्को पर मिसाइल हमला करने को स्वीकार नहीं किया है लेकिन रूसी सेना के सूत्रों ने दावा किया है कि यूक्रेन ने हाल ही में बनाई अपनी मिसाइल से पहली बार मास्को पर हमला किया था। कई मीडिया रिपोर्ट में भी इस मिसाइल हमले का दावा किया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि रूसी राजधानी के ऊपर काफी ऊंचाई पर एक मिसाइल को मार गिराया गया



है। दावा किया जा रहा है कि इस मिसाइल को तबाह करने के लिए एस-400 का इस्तेमाल किया गया।

**यूक्रेन की नई मसिाइल कतिनी ताकतवर**

वश्लिेषकों का कहना है कि यूक्रेन की यह नई मिसाइल एफपी-9 हो सकती है। उन्होंने कहा कि मध्यम दूरी की मिसाइल से हमला करना यह दिखाता है कि यूक्रेन का स्वदेशी मिसाइल उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। यूक्रेन को बहुत बड़े पैमाने पर पश्चिमी देशों से पैसा और तकनीक मिल रही है। इससे पहले यूक्रेन ने नेप्चून और एफपी-5 फ्लेमिंगो क्रूज मिसाइल बनाई थी जिसका वह बड़े पैमाने पर रूस के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है। एफपी-7 और एफपी-9 मिसाइलें पहली बार 2025 में पेश की गई थीं।

एफपी-9 के बारे में कहा जाता है कि यह 850 किमी तक बहुत सटीक हमला करने में सक्षम है। इस मिसाइल की रेंज में अब मास्को आ गया है। यूक्रेन चाहता है कि रूस से निपटने के लिए वह अपनी खुद की मिसाइल बनाए। एक्सपर्ट का कहना है कि बलिस्टिक मिसाइलें रूसी शहरों को ज्यादा खतरा नहीं पहुंचा सकती हैं क्योंकि पुतिन के पास दुनिया के सबसे आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम हैं।

# वाघा सीमा को बंद कर भी भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती को तोड़ नहीं पाया पाकिस्तान, नापाक चाल फेल

**दुबई:** भारत और अफगानिस्तान ने व्यापार का नया रास्ता खोज लिया है। ये रास्ता दुबई के जरिए व्यापार का है। भारत और अफगानिस्तान में सीधे जमीन से ट्रेड होता रहा है लेकिन रास्ता पाकिस्तान से है। पाकिस्तान हालिया वर्षों में अपनी जमीन (वाघा बॉर्डर) से व्यापार नहीं होने दे रहा है। ऐसे में भारत के एक्सपोर्टर अफगानिस्तान के लिए अपना सामान वाया दुबई भेज रहे हैं। पाकिस्तान सरकार की ओर से लगाई गई ट्रांजिट पाबंदियों की वजह से सीधे व्यापार में आई रुकावट से पार पाने के लिए यह किया जा रहा है। पाकिस्तान के अफगानिस्तान-भारत को परेशान करने के लिए उठाए गए कदमों से पार पाने में दुबई का रास्ता मददगार बना है।

भारत और अफगानिस्तान में पाकिस्तान की अड़चन के बावजूद व्यापार जारी है लेकिन



जाहिर है कि मुश्किल बढ़ गई है। एक्सपोर्टर और शिपिंग कंपनियों को उन सामानों के लिए तीसरे देश के ट्रांस-शिपमेंट हब पर निर्भर होना पड़ रहा है, जो पहले पाकिस्तान के जमीनी रास्ते से अफगानिस्तान जाते थे। इसने लागत और लॉजिस्टिक्स की दिक्कतें बढ़ा दी हैं।

**व्यापार के तरीके में बदलाव**

भारत-अफगानिस्तान के बीच व्यापार के तरीके में बदलाव बॉर्डर पर सख्ती और जियोपॉलिटिकल तनाव की वजह से आया है। इससे कार्गो की सीधी आवाजाही मुश्किल और अनिश्चित हो गई है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि दुबई के रास्ते सामान भेजना एक्सपोर्ट जारी रखने का व्यावहारिक तरीका है, भले ही इससे हैंडलिंग की लागत और ट्रांजिट का समय बढ़ा है।

एक्सपर्ट के मुताबिक, यह स्थिति दोनों देशों के बीच आधिकारिक व्यापार डेटा को प्रभावित करती है और व्यापारिक संबंधों की असल स्थिति को छिपाती है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के डेटा से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2022 में भारत से अफगानिस्तान को होने वाला एक्सपोर्ट 4,129.04 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2026 में 45.8% घटकर 2,239.11 करोड़ रह गया।

मात्रा में कोई कमी नहीं आई है। चावल निर्यातक दुबई के व्यापारियों को खेप भेज रहे हैं, जो फिर उन्हें अफगानिस्तान भेजते हैं। इसीलिए ये खेप निर्यात के आंकड़ों में दिखाई नहीं देती हैं।

अफगानिस्तान से भारत को होने वाले आयात में पिछले चार साल (2022 से 2026) बढ़ा है। अफगानिस्तान से आयात 2026 में 53.4% बढ़कर 5,837.49 करोड़ रुपए हो गया है। इस बदलाव ने 323.03 करोड़ रुपए के ट्रेड सरप्लस को 3,598.38 करोड़ के घाटे में बदल दिया है।

# "भारतीय मुस्लिम होने पर गर्व", जनरल अता हसनैन कौन हैं? ईरान में कर रहे भारत का प्रतिनिधित्व



**तेहरान:** इस साल 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हवाई हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुक्रवार को तेहरान में शुरू हो गई है। अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए दुनियाभर से लोग पहुंचे हैं।

भारत सरकार ने अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल तेहरान भेजा है। इसका नेतृत्व विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन कर रहे हैं। इसमें शिया मुस्लिम अता हसनैन की खासतौर से चर्चा हो रही है।

बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन के ईरान जाना चर्चा का विषय बना है क्योंकि मौजूदा समय में वह राजनयिक या विदेश नीति अधिकारी नहीं हैं। हालांकि कई ऐसी खूबियां हैं, जिनकी वजह से उनको ईरान जाने के लिए चुना गया है। उनका लंबे सैन्य करियर रहा है और वह ईरान के साथ पूर्व में बातचीत में शामिल रहे हैं। इसके अलावा वह शिया मुस्लिम हैं। शिया मुस्लिमों के बीच अली खामेनेई का काफी ज्यादा सम्मान रहा है।

**बिहार के राज्यपाल**

मार्च 2026 में बिहार का राज्यपाल बने लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने भारतीय सेना में लगभग चार दशक बिताए और देश के सबसे सम्मानित आतंकवाद-विरोधी कमांडरों में से एक के रूप में रिटायर हुए। साल 1974 में 4 गढ़वाल राइफल्स में कमीशन होने के बाद उन्होंने कई ऑपरेशनल क्षेत्रों में काम कया। इसमें ऑपरेशन पवन के तहत श्रीलंका, उग्रवाद के दौर में पंजाब और मोजाम्बिक व रवांडा में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन शामिल हैं।

सैयद अता हसनैन नियंत्रण रेखा पर फॉर्मेशन्स की कमान संभाल चुके हैं। उन्होंने जम्मू और कश्मीर में इंडियन आर्मी कॉर्प कमांडर के तौर पर काम किया है। जम्मू-कश्मीर में अली खामेनेई की हत्या के बाद ईरान के लिए गहरी हमदर्दी है। लेफ्टिनेंट हसनैन ईरान के साथ ट्रैक 2 डायलॉग में रहे हैं।

# बांग्लादेश में विदेशी दखल रोकेंगे", ढाका में चीनी राजदूत ने भारत पर साधा निशाना, जे-10 सी जेट डील पर साधी चुप्पी

**ढाका:** चीन ने एक बार फिर बांग्लादेश में कथित प्रभाव की बात करते हुए भारत पर निशाना साधने की कोशिश की है। बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन ने कहा है कि चीन किसी भी देश के मामलों में विदेशी दखल का कड़ा विरोध करता है और ऐसे दखल का विरोध करने में बांग्लादेश के साथ खड़ा है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के दक्षिणपंथी दल भारत पर ढाका में "नाजायज दखल" का आरोप लगाते रहे हैं। वेन का बयान इसी कड़ी को आगे बढ़ाता दिखता है।

प्रथोमोलो की रिपोर्ट के मुताबिक, याओ वेन ने गुरुवार को ढाका में चीनी दूतावास में बांग्लादेशी प्रधानमंत्री तारिक रहमान की हालिया चीन यात्रा पर चर्चा की है। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर सवालों के जवाब दिए, जिसमें खासतौर से बांग्लादेश और चीन के संबंधों को बेहतर करने और बीजिंग में हुए हालिया समझौतों को जमीन पर उतारने के बारे में जानकारी दी।

**"हम ऐसी कोशिशों को समझते हैं"**

याओ वेन ने आगे कहा, "आज भी हमें कुछ जगहों से ऐसी कोशिशों का सामना करना पड़ता है। इसलिए



हम उस स्थिति को पूरी तरह समझते हैं, जिसका सामना बांग्लादेश कर रहा है। बांग्लादेश के लिए हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है कि चीन किसी भी विदेशी दखल का विरोध करने में बांग्लादेश के साथ खड़ा है। पिछले 50 वर्षों से हमारी यही नीति रही है।"

बांग्लादेशी पीएम तारिक रहमान ने बीते महीने के आखिर में चीन का दौरा किया है। इस दौरान दोनों देशों में कई ऐसे समझौते हुए हैं, जिन्हें एक्सपर्ट स्पष्ट तौर पर भारत के लिए चिंता का सबब मानते हैं। इस दौरान चीन की ओर से ये कहे जाने ने ध्यान खींचा है कि वह बांग्लादेश की बाहरी प्रभाव के खिलाफ "लड़ाई" में मदद करेगा।

**जे-10सी फाइटर जेट पर चुप्पी**

कई मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश चीन से जे-10सी फाइटर जेट खरीद सकता है। इस बारे में पूछे जाने पर राजदूत याओ ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## चीन अपनी नीति पर चल रहा: वेन

तारिक रहमान हाल ही चीन की यात्रा से लौटे हैं, जहां उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात हुई। तारिक रहमान की यात्रा के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के विदेशी दखल को चीन खारिज करता है। चीन के इस स्टैंड पर गुरुवार को वेन याओ से सवाल किया गया।

ढाका में दखल को खारिज करने पर याओ ने कहा, "यह सिर्फ बांग्लादेश के बारे में नहीं है। चीन की विदेश नीति किसी भी देश के मामलों में विदेशी दखल का कड़ा विरोध करने की है। चीन खुद भी ऐसी ही स्थितियों का सामना करता है। कई विरोधी विदेशी ताकतें चीन के आंतरिक मामलों में दखल देने की कोशिश करती हैं।"

चीन-बांग्लादेश का सहयोग बहुत व्यापक है। रक्षा सहयोग उसका एक हिस्सा है। जैसे-जैसे चीन-बांग्लादेश संबंध एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं तो हमें उम्मीद है कि रक्षा क्षेत्र में भी चीजें बेहतर होंगी।



Scanned with OKEN Scanner

# हनीफनामा : राजेश-संजीव की जंग जे.ओमप्रकाश हुए दंग



**मुंबई:** फ़िल्म इंडस्ट्री में दिग्गज कलाकार अपनी छवि बनाए रखने के लिए अपने बराबरी के कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर करने से कतराते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह होती है, अपनी स्टार पावर को बनाए रखना और दर्शकों के बीच अपनी पकड़ को कमजोर न होने देना। उदाहरण के तौर पर, फिल्म पैगाम के बाद करीब *५ वर्षों तक दिलीप कुमार और राज कुमार एक साथ किसी फिल्म में काम करने के लिए तैयार नहीं हुए। उन्हें यह डर था कि कहीं दोनों में से कोई एक-दूसरे पर भारी न पड़ जाए।

राजेश खन्ना भी इसी सोच की वजह से संजीव कुमार के साथ काम करने से बचते थे। इसी कारण उन्होंने फिल्म आनंद से संजीव को हटवाया और बाबू मोशाय वाला किरदार अमिताभ बच्चन को मिल गया, लेकिन जब अचानक यह खबर आई कि राजेश खन्ना और संजीव कुमार एक साथ फिल्म आप की कसम में काम करने जा रहे हैं, तो कई लोगों को आश्चर्य हुआ। यही नहीं, कुछ लोगों ने यह भी भविष्यवाणी कर दी कि अब फिल्म आप की कसम बनना मुश्किल है। लोगों ने अपने-अपने हिसाब से ऐसा अनुमान इसलिए भी लगाया, क्योंकि यह निर्माता जे. ओमप्रकाश की बतौर निर्देशक पहली फिल्म थी और उनके लिए इन दो दिग्गज कलाकारों को संभाल पाना इतना आसान नहीं था, क्योंकि दोनों का करियर अपने चरम पर था। निर्माता जे. ओमप्रकाश का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट फिल्म आप की कसम था। उन्होंने मलयालम फिल्म वाज्वे मायम के रीमेक अधिकार खरीदे थे और इस फिल्म के माध्यम से स्वयं को एक निर्देशक के रूप में स्थापित करना चाहते थे, लेकिन फिल्म शुरू होने से पहले ही राजेश-संजीव के आपसी टकराव की खबर सुनकर ओमप्रकाश भी घबरा गए। कई दोस्तों ने उन्हें कलाकारों को बदलने की सलाह तक दी। जे. ओमप्रकाश दुविधा में पड़ गए।



# हुमा की दिलचस्प ख्वाहिश!

**मुंबई :** अपनी आगामी फिल्म 'बेबी डू डाई डू' के प्रमोशन में जुटीं हुमा कुरैशी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में ऐसा जवाब दिया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। उनसे पूछा गया कि अगर २४ घंटे के लिए किसी स्टार का इंस्टाग्राम अकाउंट इस्तेमाल करने का मौका मिले, तो वह किसे चुनेंगी? पहले तो हुमा ने थोड़ा सोचा, फिर मुस्कुराते हुए प्रियंका चोपड़ा का नाम लिया। जब उनसे इसकी वजह पूछी गई तो उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मैं बस देखना चाहती हूं कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट के अंदर क्या चल रहा है। वो बहुत कूल हैं।' हुमा का यह मजाकिया जवाब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। फैंस भी उनके इस जवाब पर मजेदार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और दोनों अभिनेत्रियों के नाम को लेकर खूब बातें हो रही हैं।

# मुझे निराशावादी लोग नहीं पसंद!- अक्षय कुमार



**मुंबई :** -दिल्ली के रहने वाले अक्षय कुमार का ३५ साल का फिल्मी सफर संघर्ष से शुरू हुआ। बैंकॉक में शेफ बनने का सपना छोड़कर दोस्तों की सलाह पर वे मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने फोटोग्राफर जयेश सेठ के स्टूडियो में करीब १८ महीने तक सहायक के रूप में काम किया, जहां चाय-कॉफी बनाने से लेकर के कैमरा संभालने तक हर जिम्मेदारी निभाई। जयेश सेठ ने उनका मुफ्त फोटोशूट कराया, जिसकी तस्वीरें निर्माता प्रमोद चक्रवर्ती तक पहुंचीं। हालांकि, पहली रिलीज फिल्म 'सौगंध' (१९९१) रही। शुरुआती ९ फिल्में फ्लॉप रहीं, लेकिन 'खिलाड़ी' की सफलता ने उन्हें स्टारडम और 'खिलाड़ी कुमार' की पहचान दिला दी। आज देश के शीर्ष सितारे बनने के बावजूद, उन्होंने अपनी फिटनेस, अनुशासन, समय की पाबंदी और हर फिल्म 'बिफोर टाइम' को पूरा करने के रिकॉर्ड को बरकरार रखा है। अभिनय के अलावा, अक्षय की इन खूबियों के लिए भी प्रशंसा की जाती है। फिरोज नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित उनकी फिल्म 'वेलकम टू जंगल' २६ जून को रिलीज हो गई है।

# बिग बॉस सीक्रेट!



**मुंबई :** 'बिग बॉस ओटीटी' सीजन १ की विनर दिव्या अग्रवाल ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में शो के अंदर की जिंदगी को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने घर के अंदर की प्राइवेसी, सिगरेट और शराब से जुड़ी चर्चित अफवाहों पर खुलकर बात की। दिव्या ने कहा कि २४ घंटे कैमरों की निगरानी के बावजूद दर्शकों को सब कुछ नहीं दिखता। जब उनसे पूछा गया कि क्या घर के अंदर इंटीमेसी जैसे विषयों पर बातें होती हैं, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि कैमरों के सामने भले ही कुछ नजर न आए, लेकिन अंदर बहुत कुछ होता है। इस पर पॉडकास्ट होस्ट ने भी इशारों-इशारों में बाथरूम एरिया का जिक्र किया। दिव्या के इस बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और पैंस अब शो के अनदेखे पहलुओं को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# नो पार्टनर, नो प्रॉब्लम!



**मुंबई :** 'बिग बॉस ओटीटी' सीजन १ की विनर दिव्या अग्रवाल ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में शो के अंदर की जिंदगी को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने घर के अंदर की प्राइवेसी, सिगरेट और शराब से जुड़ी चर्चित अफवाहों पर खुलकर बात की। दिव्या ने कहा कि २४ घंटे कैमरों की निगरानी के बावजूद दर्शकों को सब कुछ नहीं दिखता। जब उनसे पूछा गया कि क्या घर के अंदर इंटीमेसी जैसे विषयों पर बातें होती हैं, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि कैमरों के सामने भले ही कुछ नजर न आए, लेकिन अंदर बहुत कुछ होता है। इस पर पॉडकास्ट होस्ट ने भी इशारों-इशारों में बाथरूम एरिया का जिक्र किया। दिव्या के इस बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और पैंस अब शो के अनदेखे पहलुओं को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।



Scanned with OKEN Scanner

# शक्ति पीठ हाईवे को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**मुंबई:** शक्ति पीठ हाईवे के विरोध में पश्चिम महाराष्ट्र के कई नेता एक साथ आए हैं. मांग की गई है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आषाढ़ी एकादशी के एक दिन पहले शक्ति पीठ हाईवे का प्रस्ताव रद्द करें। नहीं तो उग्र आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी गई है। सोलापुर जिले के करकंबा शक्ति पीठ हाईवे विरोधी सड़क समिति ने रविवार को एल्गार सम्मेलन का आयोजन किया था। इसमें कांग्रेस नेता सतेज पाटिल, सांसद धैर्यशील मोहिते पाटिल और पूर्व सांसद राजू शेट्टी उपस्थित थे।

राजू शेट्टी ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, शक्ति पीठ हाईवे नहीं बनने दिया जाएगा। यदि आषाढ़ी एकादशी से एक दिन पहले हाईवे को रद्द करने की घोषणा नहीं की गई तो उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। आषाढ़ी एकादशी के दिन विट्ठल




की पूजा करने के बाद किसानों को शक्ति पीठ के मलबे से बचाने की घोषणा की जाए। नहीं तो हम आपका अलग तरीके से स्वागत करेंगे। सरकार के पास मौजूदा नागपुर-रत्नागिरी रोड को 8 लेन बनाने के लिए काफी जमीन है। सरकार को सड़कें बनाने के बजाय पानी के प्रोजेक्ट पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलयुक्त शिवार योजना का ऑडिट होना चाहिए। इससे इस सरकार के काम का पता चलेगा। राजू शेट्टी ने कहा कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति हूं। यदि बीजेपी में भगवान के प्रति इतनी भक्ति होती, तो राम मंदिर के दान की चोरी नहीं होती। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक संत पुरुष हैं, तो फिर राम मंदिर को लूटने वालों के घरों पर अभी तक बुलडोजर क्यों नहीं चला।

## भावभीनी विदाई के साथ जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिली फीस सहायता



**संवाददाता**

**कल्याण।** अग्रवाल समाज कल्याण की ओर से नूतन विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती रेशमा हनीफ सैय्यद के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में एक सादा एवं गरिमामय समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने श्रीमती सैय्यद के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनिल गर्ग , कार्याध्यक्ष अनिल बंसल, सचिव नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष तुलसीराम बंसल तथा आत्माराम डिडवानिया उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान अग्रवाल समाज कल्याण ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता निभाते हुए नूतन विद्यालय में अध्ययनरत 30 जरूरतमंद विद्यार्थियों की वार्षिक फीस के लिए चेक भी विद्यालय प्रबंधन को सौंपा। इस पहल की विद्यालय परिवार एवं उपस्थित जनों ने सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी सहयोग बताया।

## अली शौकत आदम सैय्यद कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग शिवाजी नगर मानखुर्द विधानसभा के अध्यक्ष बने



**संवाददाता**

**मुंबई :** गोवंडी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अली शौकत आदम सैय्यद को हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद खान द्वारा शिवाजी नगर मानखुर्द विधानसभा का अल्पसंख्यक विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अली शौकत आदम सैय्यद की नियुक्ति मुंबई कांग्रेस की अध्यक्षा सांसद वर्षा गायकवाड़, पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान , मुंबई कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष फरहान आजमी , ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस अध्यक्ष केतन शाह और ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष समीर अख्तर के आशीर्वाद से हुई है।

अली शौकत आदम सैय्यद ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि पार्टी हाईकमान ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका पूरी मेहनत व लगन से पालन करूंगा। इसके अलावा शिवाजी नगर मानखुर्द विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ काम करूंगा।

## राज्य सरकार से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर महाराष्ट्र स्टेट गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**संवाददाता**

**मुंबई :** आज मुंबई मराठी पत्रकार संघ में राज्य सरकार से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर महाराष्ट्र स्टेट गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन की




बैठक संपन्न हुई । जिसमें संस्था के अधक्षय प्रवीण उम्भारकर सहित एसोसिएशन के बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे है । उल्लेखनीय तौर पर महाराष्ट्र स्टेट गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन की ओर से राज्य सरकार के कांट्रैक्टरों के प्रति नाराजगी दिखाई। समय पर फंड का भुगतान न करने से कांट्रैक्टरों के सामने आर्थिक हालत दयनीय हो चुकी है । इतना ही नहीं कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन ने सरकार को चेतावनी भरे लहजे में चेताया कि समय रहते हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो आमरण आंदोलन पर सड़कों पर बैठेंगे। संस्था के सचिव इंजीनियर यूसुफ खान ने भी राज्य सरकार के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित एकनाथ शिंदे से महाराष्ट्र गवर्नमेंट इंजीनियर एसोसिएशन एसोसिएशन की ओर से कांट्रैक्टरों के प्रति नरमी बरतने की मांग किया है ।

## कृष्णा कदम "दादासाहेब फाळके पुरस्कार 2026" से सम्मानित ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

**संवाददाता**

**मुंबई :** भारत देश की जानी मानी संस्था डी-पिटा चैरिटेबल ट्रस्ट और फिल्मोरा मीडिया नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंडियन टेलिविजन अवॉर्ड 2026 समारोह में कदम कृष्णा वैद्यकीय मदत कक्ष के संस्थापक कृष्णा कदम को "दादासाहेब फाळके पुरस्कार 2026" से सम्मानित किया गया। उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय सामाजिक एवं स्वास्थ्य सेवा कार्यों के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

बता दें कि भारतीय सिनेमा के जनक स्वर्गीय दादासाहेब फाळके के नाम पर दिया जाने वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार फिल्म, समाज सेवा, खेल तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।

रायगढ़ जिले के पोलादपुर तहसील के ओंबली गांव के निवासी कृष्णा कदम ने कोरोना महामारी के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को



चिकित्सा संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कदम कृष्णा वैद्यकीय मदत कक्ष की स्थापना की। इस संस्था के माध्यम से वे जरूरतमंद मरीजों को अस्पतालों में बेड उपलब्ध कराने, रक्त की व्यवस्था करने, आर्थिक सहायता दिलाने तथा दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर उपलब्ध कराने जैसे अनेक सेवाभावी कार्य कर रहे हैं।

28 जून 2026, रविवार को विले पार्ले में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में अभिनेत्री उल्का गुप्ता, क्रिकेटर सुधीश नायर, अभिजीत राणे, सलीम जैदी, सम्राट सोनी सहित फिल्म, खेल और सामाजिक क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में कृष्णा कदम को यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि से रायगढ़ जिले और पोलादपुर तहसील का गौरव बढ़ा है। उनके सम्मान पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक संगठनों की ओर से उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर 4 ए, फ्लोर-जीआरडी, 29 डी, शबन हाउस, वंजावाडी लेन, माहिम वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400016 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhani.com



Scanned with OKEN Scanner